बजरंग बली तुम महाबली | By Kumar Vishu

बजरंग बली तुम महाबली, तुमसा बड़ा ना कोई
कृपा आपकी हो जाये तो, जो चाहो सो होइ

अंग पे रंग लाल चढ़ा है हाथ में गदा सोहाई
काँधे पर सजे सूत जनेऊ वीर ना तुमसा कोई
गुण और ज्ञान के सागर आप तो भजे सो ज्ञानी होइ

अंजनी पुत्र केसरी नंदन गुरुवर तुम हो मोई
चिरंजीव हरो व्यथा मोरी नतमस्तक मैं होइ
संकट से प्रभु पाप उबारो आये जो विपदा कोई

राम कृपा सिया के वचनो से अजर अमर तुम होइ
तुमरो भजन राम को पावे तुलसी कह गए सोइ
कहे महेंद्र कवी आप सा देव ना कोई
बजरंग बली .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-kumar-vishu/